उत्तराखण्ड सर्विसेस हाऊसिंग एसोसिएशन,सहस्त्रधारा रोड, देहरादून 248013
ईमेल secyushadoon08@gmail.com 01352607608 वेबसाईट: www.ushadoon.org.in

दिनांक 07 दिसम्बर 2024 को उषा कॉलोनी के **Club House** में कार्यकारिणी की आहूत गोष्ठी का कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थिति –	1– श्री राम सिंह मीना	– अध्यक्ष
	2– श्री नितेश झा	– सचिव
	3– श्री जी सी पन्त	– कोषाध्यक्ष
	4– श्रीमती रश्मि चोपड़ा	– सदस्य

सर्वप्रथम 18 वीं वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 10 नवम्बर 2024 को सम्पन्न के कार्यवृत्त के बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। निम्न बिन्दु प्रकाश में आये–

1. दो पार्को में स्थित दो **Harvesting water tank** को कार्यशील बनाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इस कार्य हेतु लघु–सिंचाई तथा नगर निगम देहरादून की सेवाऐं लेने तथा उनके माध्यम से उपरोक्त कार्य कराने की सहमति हुई। इस कार्य हेतु उपरोक्त से सम्पर्क कर कार्यवाही करायी जायेगी।

2. प्लाट नं0 32 के पीछे बाहर कुल्हान गाँव में 2023–24 वर्षा से जलभराव हो गया, जिससे उक्त प्लाट की पूरी दिवार टूट कर गिर गयी इसके सम्बन्ध में एमडीडीए द्वारा सर्वे किया गया था, उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस समस्या का समाधान किया जायेगा, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। समाधान हेतु नगर निगम से अनुरोध किया जायेगा।

3. सोसाईटी में स्थित जिम **(Gym)** के सुधार तथा **up gradation** करने पर विचार किया गया। जिम के **up gradation** तथा कुछ नये उपकरण लगाने हेतु श्री अमित सिन्हा को अवगत करा दिया जाय।

4. सोसाईटी के अवशिष्ट प्रबन्धन के लिए नगर निगम से अनुरोध किया जाय।

PRESIDENT
EXECUTIVE COMMITTEE
USHA COLONY, SAHASTRADHARA ROAD
DEHRADUN

5. आवारा कुत्तों को रोकने के लिये सोसाईटी के सदस्यों से अनुरोध किया जाय कि आवारा कुत्तों को खाना न दिया जाय तथा नगर निगम को पत्र लिखा जाय, कि वे इन आवारा कुत्तों के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

6. नये आवासीय भवनों के निर्माण करने वाले सदस्यों की सूची उपलब्ध करायें जिससे उन सदस्यों से अनुरोध कर लिया जाय, कि सड़क पर उनका निर्माणाधीन सामान न बिखरा रहे तथा वे इन सामानों को अपने प्लाट या उसके नजदीक वालखाली प्लाट का प्रयोग करें तथा निर्माणाधीन क्षेत्र में उनके मजदूरों के नहाने और धोने वाले स्थान चारों ओर से बन्द हो, साथ ही निर्माणाधीन भवन के चारों ओर से ढके हों। ताकि अन्य सदस्यों को असुविधा न हो।

7. उन सदस्यों की सूची प्राप्त कर ली जाय। जिनके घर में पालतू जानवर(**Dog**) हैं। ताकि उनसे अनुरोध किया जाय कि वे अपने सहायक/सेवकों को निर्देशित करें कि उनके **Pets** को सड़क पर या सार्वजनिक स्थानों पर मल **(Poops)** न करायें, एवं उसको उठाने हेतु अपने पास आवश्यक सामग्री रखें, यथा सम्भव पालतू जानवरों को अपने घरों पर ही रखा जाय।

8. सोसाईटी के ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बन्ध में एक आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाय।

गोष्ठी के समापन के उपरान्त अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित जन व अन्य से अपेक्षा की गयी कि कार्यकारणी गोष्ठी में लिये निर्णयों पर त्वरित कार्यवाही हेतु प्रयास किये जायें।

गोष्ठी का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

(राम सिंह मीना)
अध्यक्ष
उषा कालोनी

PRESIDENT
EXECUTIVE COMMITTEE
USHA COLONY, SAHASTRADHARA ROAD
DEHRADUN